दिन– शुक्रवार दिनांक– 10 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत संतानवे लाख चौरासी हजार से अधिक लाभार्थियों के खाते में एक हजार चार सौ तेईस करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम अंतरित की। छह योजनाओं के प्रत्येक लाभुकों को ग्यारह–ग्यारह सौ रूपये का भुगतान किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर लाभुकों को समय पर पेंशन राशि भुगतान की व्यवस्था की गयी है, जिससे उनके जीवनयापन में मदद मिल सके। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद थे।

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में पटना में एनडीए के घटक दलों की बैठक चल रही है। बैठक में एनडीए के सभी पांचों घटक दलों के वरिष्ठ नेता और जिलाध्यक्ष भाग ले रहे हैं। बैठक में सरकार के कार्यों की समीक्षा, घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर मुख्य रूप से चर्चा होने की संभावना है। साथ ही बैठक में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल, विकास कार्यों की नियमित निगरानी और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

————————————————————

उपराष्ट्रपति डॉक्टर सी.पी. राधाकृष्णन दो दिवसीय दौरे पर कल बिहार आ रहे हैं। वे विधानसभा के मॉनसून सत्र से पहले ग्यारह और बारह जुलाई को गयाजी में विधायकों के दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि विधानसभा सचिवालय, लोकसभा के प्राईड और बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक विधानसभा सदस्यों को विधायी कार्यों के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के मैनाटाढ़ में रिकॉर्ड एक सौ पंचानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। गोपालगंज, वैशाली, पूर्णिया और मधेपुरा जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश, जबकि दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, सीवान, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश हो सकती है।

---

प्रदेश में तीन हजार से अधिक ऐसे नियोजित शिक्षक पाए गए हैं, जिन्होंने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की थी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच की प्रक्रिया निगरानी विभाग ने पूरी कर ली है और इसमें तीन हजार पैंतीस शिक्षक दोषी पाये गए हैं। इन सभी शिक्षकों का नियोजन वर्ष दो हजार छह से लेकर दो हजार पंद्रह के बीच हुआ था। उन्होंने बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने के मामले में अबतक एक हजार आठ सौ तीस प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि दोषी शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

---

मुंगेर जिले के भीमबांध के जंगल में पुलिस ने चार शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से पांच सौ दस लीटर शराब और लगभग आठ क्विंटल जावा महुआ भी बरामद किया गया।

---

गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोभी चेकपोस्ट के पास पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक ट्रक से आठ सौ सात किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे को ओडिशा से लाया जा रहा था।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।